# सीएम आवास घेरने जा रहे सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज, 12 से अधिक घायल, छह गंभीर





खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी रांची में अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री आवास घेरने पहुंचे सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज किया गया। इस हमले में 12 से अधिक जवान जख्मी हो गये। इसमें से छह सहायक पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी है, जिन्हें रिम्स में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, झारखंड सरकार की वार्ता को ठुकरा कर सहायक पुलिसकर्मी सीएम आवास घेरने निकले थे। इस दौरान आंदोलनकारियों ने पुलिस के वाहन में तोड़फोड़ की जिसके बाद पुलिस ने सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज किया।

**मोरहाबादी में घेरा तोड़ पहुंचे सीएम आवास :** सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी मैदान से उठकर मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले। पुलिस के अधिकारियों ने उनलोगों को समझाने की कोशिश की। लेकिन, वे लोग नहीं मानें और पुलिस का घेरा तोड़कर मुख्यमंत्री आवास पहुंच गये। विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे सहायक पुलिस कर्मियों ने सरकार के साथ हुई वार्ता को असफल बताते हुए सीएम आवास का घेराव करने निकल गए। इस दौरान रांची पुलिस के वरीय पुलिस अधिकारियों के द्वारा सहायक पुलिसकर्मियों को रोकने की पूरी कोशिश की गई। लेकिन वह सुरक्षा घेरे को तोड़कर आगे बढ़ने लगे, अलग-अलग झुंड बनाकर अलग-अलग रास्तों से सीएम आवास पहुंचने की कोशिश करने लगे। इसके बाद कोई चारा न देख पुलिस वालों ने लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज और भगदड़ में कई सहायक पुलिसकर्मी और पुलिस वाले घायल भी हुए हैं। सैकड़ों की संख्या में सहायक पुलिसकर्मियों के सड़क पर उतर जाने की वजह से राजधानी रांची में जाम लग गया था। स्कूल बसें भी जाम में फंसे।

**सुबह में हुई थी वार्ता :** शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में मोरहाबादी मैदान में आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मी सीएम आवास घेरने के लिए जाने वाले थे। उससे पहले ही डीजीपी की अध्यक्षता में सरकार के द्वारा सहायक पुलिसकर्मियों को वार्ता के लिए बुलाया गया। वार्ता में सहायक पुलिसकर्मियों को सरकार के द्वारा अनुबंध बनाए जाने बहाली में आरक्षण और वेतन वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया। झारखंड पुलिस के एडीजी हेड क्वार्टर आरके मलिक ने बताया कि अगर सहायक पुलिसकर्मी शांतिपूर्ण तरीके से अपना आंदोलन समाप्त करते हैं तो उनकी मांगे शीघ्र मान ली जाएंगी। लेकिन पुलिस मुख्यालय से लौटने के बाद सहायक पुलिसकर्मियों ने सरकार के द्वारा दिए गए आश्वासन को मानने से इनकार कर दिया और सीएम आवास घेरने के लिए कूच कर गए।

## सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज निंदनीय : चौहान

रांची। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि झामुमो-कांग्रेस सरकार में आज झारखंड का हर एक वर्ग पीड़ा झेल रहा है। रांची में पिछले 17 दिनों से वेतन बढ़ोतरी और स्थाई नौकरी की मांग करते हुये आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मियों पर झामुमो-कांग्रेस सरकार द्वारा बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज की घटना घोर निंदनीय है। उन्होंने आगे लिखा है कि हेमंत सोरेन जी आपने लाठीचार्ज करवाकर ठीक नहीं किया। ये तो अपने झारखंड के गरीब बेटा-बेटी हैं, जो आपसे अपना हक मांग रहे हैं। आप अपनी जनता पर लाठीचार्ज कर जुल्म कर रहे है। आपके इस अत्याचार को झारखंड नहीं भूलेगा।

## सहायक पुलिसकर्मियों ने मांगा न्याय, मिली लाठी : युवा आजसू

रांची। हेमंत सरकार के राज में सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय है। हेमंत सरकार ने सहायक पुलिसकर्मियों के खिलाफ, पुलिसकर्मियों को ही सामने खड़ा कर लाठीचार्ज करवाया। सहायक पुलिसकर्मी न्याय की मांग कर रहे थे पर मिली उनको लाठी। हेमंत सरकार हर आंदोलन को कुचलने पर आमादा है। अपने मानदेय वृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेरने निकले सहायक पुलिसकर्मियों पर लाठीचार्ज निंदनीय है।

## नक्सली दिलीप चंद्रवंशी को सात साल कैद की सजा

रांची। न्यायायुक्त सह पोटा मामले के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने गश्ती जीप को उग्रवादियों ने लैंड माइन्स विस्फोटक लगाकर उड़ा देने के मामले में अभियुक्त दिलीप चंद्रवंशी को दोषी करार कर सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त सात महीने जेल काटनी होगी। घटना को अंजाम 20 नवंबर 2002 को दिया गया था। बेतला पिकेट पर प्रतिनियुक्त पुलिस जीप से बेतला-गारू रोड में गश्ती पर निकले थे। उसी समय घटना को अंजाम दिया गया था। घटना को लेकर लातेहार के बरवाडीह थाना में कांड संख्या 70/2002 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से 13 गवाहों को प्रस्तुत किया गया था। इसके आधार पर अदालत ने दोषी पाकर सजा सुनाई है।

## मोरहाबादी मैदान में आधी रात तक लागू रहा धारा 163

रांची। रांची के मोरहाबादी में स्थित राज्य अतिथिशाला के चाहरदीवारी से 100 मीटर की परिधि में धारा 163 के तहत निशेधाज्ञा लागू कर दी गयी थी। हालांकि, यह निषेधाज्ञा से डॉ० श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची को मुक्त रखा गया था। धारा 163 शुक्रवार की आधी रात तक लागू रहा। जारी आदेश में कहा गया था कि हाल के दिनों में संगठनों/ दलों द्वारा धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली पूर्व में निर्धारित स्थान (जाकिर हुसैन पार्क) की जगह अन्य जगहों पर किया जा रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से सरकारी कामकाज में व्यवधान उत्पन्न होने, यातायात व्यवस्था बाधित होने, विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने और लोक परिशांति भंग होने की संभावना होती है। इसको देखते हुए सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने धारा-163 लागू किया है।

## आलमगीर की जमानत पर अब 27 को सुनवाई

रांची। ठेकों में कमीशनखोरी से प्राप्त बड़ी रकम का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर 27 जुलाई को सुनवाई होगी। उनकी ओर से दाखिल जमानत याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार काका ने जवाब दाखिल करने के लिये समय की मांग की। इस पर अदालत ने समय देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 27 जुलाई निर्धारित की है। आलमगीर आलम ने गुरुवार को गिरफ्तारी के 64 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। दाखिल याचिका में अपने आप को मामले में निर्दोष बताया गया है।

## एक साल बढ़ाया जायेगा सहायक पुलिसकर्मियों का अनुबंध, पुलिस भर्ती में भी मिलेगा आरक्षण

रांची। सहायक पुलिसकर्मियों और सरकार के बीच हुई वार्ता में सहायक पुलिसकर्मियों का अनुबंध एक साल बढ़ाने और पुलिस बहाली में आरक्षण देने पर सहमति बन गई है। झारखंड पुलिस के एडीजी मुख्यालय आरके मलिक ने बताया कि सहायक पुलिसकर्मियों को आश्वासन दिया गया है कि नौ अगस्त से समाप्त हो रहा उनका अनुबंध एक साल के लिए और बढ़ाया जाएगा। उनके वेतन भत्ते में 20% की बढ़ोतरी करने की बात कही गयी। इसके अलावा झारखंड पुलिस में होने वाली बहाली में उन्हें आरक्षण दिया जाएगा।

## बिजली उपभोक्ता जल्द करायें कंज्यूमर आईडी मोबाइल नंबर से टैग, कल से स्मार्ट मीटर होगा प्रीपेड

रांची। राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है। अब तक राज्य के दो लाख 50 हजार घरों में स्मार्ट मीटर लगाये जा चुके है। वहीं, एक लाख घरों में सितंबर तक स्मार्ट मीटर लगाने की योजना है। अब झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से स्मार्ट मीटर को प्रीपेड मोड में शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गयी है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो 21 जुलाई से स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। नयी व्यवस्था लागू होने से बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं का मीटर प्रीपेड मोड पर काम करने लगेगा। इसमें मीटर इस्तेमाल करने से पहले उपभोक्ताओं को मीटर रीचार्ज करना होगा। रीचार्ज राशि के अनुसार ही उपभोक्ता बिजली बिल उपभोग कर सकते है। झारखंड बिजली वितरण निगम की मानें तो 21 जुलाई से स्मार्ट मीटर प्रीपेड मोड पर काम करना शुरू करेगा। इसे डिवीजन वाइज अलग-अलग चरणों में किया जायेगा। इसके लिये जरूरी है कि उपभोक्ता उपभोक्ता अपने नजदीकी बिजली कार्यालय में जाकर कंज्यूमर आईडी के साथ मोबाइल नंबर टैग कर ले। इससे उपभोक्ताओं को वाट्सएप पर भी सेवा मिल सकेगी।

## पीएलएफआई उग्रवादी रंजन महतो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी का नाम रंजन महतो है। गिरफ्तार उग्रवादी रंजन महतो के ऊपर कुल पांच मामले दर्ज हैं। पिठौरिया थाने की पुलिस और क्यूआरटी ने पंडरा ओपी इलाके से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से पुलिस ने पीएलएफआई का पर्चा, बाइक और मोबाइल बरामद किया है। रांची पुलिस को जानकारी मिली थी कि पीएलएफआई उग्रवादी रंजन महतो पंडरा ओपी इलाके में किराए के मकान में रह रहा है। इसी साल मार्च महीने में उग्रवादी रंजन महतो पिठौरिया थाना क्षेत्र में सांगा स्थित हकीम अंसारी के स्टोन क्रशर प्लाट में आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। यह पीएलएफआई एरिया कमांडर कृष्णा यादव का सहयोगी है।

गिरफ्तार उग्रवादी रंजन महतो ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य है तथा एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में उग्रवादी घटनाओं में शामिल रहा है। एक मार्च 2024 की रात्रि में ग्राम सांगा स्थित हकीम अंसारी के स्टोन क्रशर प्लांट में आगजनी की घटना कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के नेतृत्व में यह शामिल थे। क्रशर मालिक से कृष्णा यादव के द्वारा दस लाख रूपया की लेवी की मांग की गई थी, जिसे नहीं देने पर आगजनी की घटना में क्रशर प्लांट में खड़े हाईवा वाहन, लोडर एवं जेनरेटर में आग लगा दिया गया था। पूछताछ के क्रम में रंजन गोप उर्फ रंजन महतो के द्वारा यह बताया गया कि कृष्णा यादव के द्वारा उक्त आगजनी की घटना के बाद भी क्रशर मालिक को लेवी की मांग करते हुए हुए धमकी दी जा रही थी।

## खबर एक नजर में

### नशीले पदार्थों के सेवन से बचें : राजेश कुमार

रांची। प्रभात तारा हाई स्कूल में शुक्रवार को नशा उन्मूलन पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मन:प्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना और अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी। औषधि और प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी तथा संविधान के अनुच्छेद - 47 के संबंध में फोकस किया। मध्यस्थ पी.एन. सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है।

### गैंगरेप के बाद हत्या मामले में दोषी करार, फैसला 24 को

रांची। प्रेम प्रसंग में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने के जुर्म में सुखराम होरो को पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शुक्रवार को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 24 जुलाई की तारीख निर्धारित की है। दोषी करार अभियुक्त सुखराम होरो का डीएनए मैच किया था। इसके आधार पर ही अदालत ने दोषी पाया है। मामले में ट्रायल फेस कर रहा तीन आरोपियों राहुल होरोए रौशन होरो एवं पवन होरो को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। लापुंग थाना क्षेत्र में 23 जुलाई 2022 को 15 साल की नाबालिग से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। उसकी लाश लापुंग थाना के जमाकेल गांव के एक झाड़ी में बरामद की गई थी। घटना को लेकर एक नाबालिग समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इसमें एक आरोपी नाबालिग होने के कारण उसकी सुनवाई जेजे बोर्ड में चल रही है। युवती और अभियुक्त दोनों एक ही गांव निवासी है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था। घटना के तीन महीने पूर्व प्रेमिका ने अपने प्रेमी से रिश्ता तोड़ ली थी। बातचीत बंद था। इसी का बदला लेने के लिए घटना को अंजाम दिया था। युवती का गला दबाकर मार दिया। इसके बाद पहचान छुपाने के लिए उसके चेहरे को पत्थर से कूच दिया गया था। शव बरामद होने के बाद एसआईटी गठित कर एक नाबालिग समेत पांच आरोपियों को जेल भेज गया था।

### चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी के सम्मान में फुलकोर्ट फेयरवेल रिफरेंस

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ बीआर सारंगी के सम्मान में शुक्रवार को फुलकोर्ट फेयरवेल रिफरेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन, हाई कोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष रितु कुमार, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण ने चीफ जस्टिस की जीवनी एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इससे पहले हाई कोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने चीफ जस्टिस बीआर सारंगी द्वारा न्यायिक सेवा में दिए गए योगदान एवं कार्यों की विस्तृत से जानकारी दी। इस अवसर पर हाई कोर्ट के सभी जज, वरीय अधिवक्ता, हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मो शकीर, हाई कोर्ट रजिस्ट्री के अधिकारी एवं कर्मचारी, कई अधिवक्ता उपस्थित थे। चीफ जस्टिस के विदाई पर यह सामान समारोह आयोजित किया गया। शुक्रवार को चीफ जस्टिस बीआर सारंगी का अंतिम कार्य दिवस था। फुलकोर्ट फेयरवेल रिफरेंस का आयोजन कोर्ट नंबर 1 में किया गया। बता दे की जस्टिस बीआर सारंगी ने झारखंड हाई कोर्ट के 15वें चीफ जस्टिस के रूप में बीते 5 जुलाई को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली थी।

## गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर ट्रैफिक प्लान, कैसे पहुंचे प्रभात तारा मैदान

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह 20 जुलाई को प्रभात तारा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से भारतीय जनता पार्टी के गणमान्य नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे। ऐसे में कार्यक्रम में काफी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना जताई गई है। इसे देखते हुए कई जगहों पर पार्किंग के इंतजाम किए गए है। वहीं ट्रैफिक पुलिस की ओर से पार्किंग की पूरी लिस्ट जारी की गई है। जहां पर लोग अपने वाहनों को पार्क कर सकते है।

**इन जगहों से गाड़ियों की होगी इंट्री और पार्किंग :** वीवीआईपी, वीआइपी पास वाला वाहन-शालीमार बाजार चौक से सीधे पारस अस्पताल मोड से बायें मुड़कर मंच के पीछे मैदान-पार्किंग-1 मंच के पीछे। गढ़वा पलामू, लातेहार, चतरा, गुमला, लोहरदगा एवं रांची स्थानीय (बेड़ो, इटकी, रातु, कांके, मांडर, बुढ़मू, चान्हो), काठीटांड़ से रिंग रोड दलादली, नयासराय रिंग रोड होते हुए बालालौंग से धुर्वा डैम होते हुए धुर्वा बस स्टैंड से बाएं सखुआ बगान में बस पार्क होगी-पार्किंग-2 सखुआ बगान एवं आम बगान, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज-नेवरी रिंग रोड होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए धुर्वा गोलचक्कर पूर्वी ग्राउंड- पार्किंग-3 धुर्वा गोलचक्कर पूर्वी भाग, हजारीबाग, कोडरमा, धनबाद, बोकारो, सिमडेगा, गिरीडिह रामगढ़-नेवरी रिंग रोड होते हुए रामपुर रिंग रोड होते हुए तुपुदाना चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए पूर्वा गोलचक्कर पश्मिी-पार्किंग-4 धुर्वा गोल चक्कर पश्मिी भाग, जमशेदपुर, चाईबासा, सरायकेला-खरसावां, खूंटी, रांची स्थानीय (बुंडू,तमाड़, सिल्ली, ओरमांझी)-रामपुर से रिंग रोड होते हुए तुपुदान चौक से हटिया चांदनी चौक से प्रोजेक्ट भवन होते हुए घुर्वा गोलचक्कर से जवाहर स्टेडियम-पार्किंग-5 जवाहर स्टेडियम, छोटे वाहनों के लिए-धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मिर्धा मार्केट के सामने से प्रभात त्तारा मैदान का दक्षिणी भाग पार्किंग स्थल-पार्किंग-6 प्रभात तारा मैदान का दक्षिणी भाग, छोटे वाहनों के लिए-धुर्वा गोलचक्कर से नेहरू स्टेडियम होते हुए मिर्या मार्केट के सामने से संत थॉमस स्कूल के सामने-पार्किंग-7 संत थॉमस स्कूल के सामने पार्क होगें।

## उग्रवादी ने दी काम बंद करने की धमकी, ट्रक में सामान लोड करने गया तो मार दी गोली

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। रांची के मैकलुस्कीगंज में हरहू नाले पर बन रहे पुल की देखरेख करने वाले मुंशी भूपेंद्र यादव की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या उग्रवादियों ने इसलिये कर दी, क्योंकि उग्रवादियों को मुखबिरों ने सूचना दी थी कि काम बंद करने के बाद भी वह काम करने में लगा है। जबकि पुलिस छानबीन में यह बात सामने आई कि भूपेंद्र यादव उग्रवादियों की धमकी देने के बाद काम बंद कर दिया था। उसने सोचा कि जबतक काम बंद है, वह वहां पड़े सामानों को सुरक्षित घर ले आयें, ताकि चोरी की घटना न हो। भूपेंद्र यादव अपने बेटे के साथ ट्रक लेकर साइट पर चला गया। वह ट्रक से नीचे उतरकर सामान को लोड कर रहा था। भूपेंद्र यादव का बेटा ट्रक में ही था। उसी क्रम में उग्रवादियों का दस्ता वहां आया और भूपेंद्र यादव को गोली मार दी। गोली मारने के बाद सभी वहां से फरार हो गये। हथियारबंद दो उग्रवादियों ने गुरुवार दोपहर 12.30 बजे निर्माण स्थल पर इस घटना को अंजाम दिया। भूपेंद्र लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के निवासी था। निर्माण में लगे मजदूरों ने बताया कि पुल की ढलाई हो रही थी। इसी बीच दो उग्रवादी पहुंचे और पहले भूपेंद्र के पैर में गोली मारी। उसके बाद दो गोली कमर और दो हाथ में मारी। गोली लगने से यादव घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भूपेंद्र को रिम्स भेजा, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पहले भी पीएलएफआई के नाम पर लेवी मांगी गई थी। मामले में अज्ञात नक्सलियों पर मामला दर्ज किया गया है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि उग्रवादियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

### एचइसी के विषय पर श्रम मंत्री भेक्ता ने कहा

# इएसआइ में कर्मचारियों की चिकित्सा सुविधा जारी रहेगी, 23 को होगी त्रिपक्षीय वार्ता



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राजद की ओर से प्रधान महासचिव सह पूर्व विधायक संजय प्र यादव,महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने नेतृत्व में एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति व यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ झारखंड सरकार के श्रम एवं उद्योग मंत्री सत्यानंद भोक्ता से नेपाल हाउस स्थित कार्यालय में आठ सूत्री मांगों को लेकर मिला एवं चर्चा की। बैठक में वार्ता के दौरान मंत्री भोक्ता ने सभी बिंदुओं को ध्यान पूर्वक सुना उसके बाद मंत्री ने कहा कि इएसआइ में कर्मचारियों का चिकित्सा सुविधा बहाल रहेगी, इस पर रोक नही लगेगी। इस संबंध में उन्होंने इएसआइ अस्पताल नामकोम (भारत सरकार) के डॉ. राजीव कुमार को निर्देश दे दिया गया है। उन्होंने कहा कि वेतन भुगतान,कर्मचारियों को काम पर रखने,बैंक गारंटी सहित सभी आठ सूत्री मांग पत्र पर दिनांक 23 जुलाई को त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई गई है। वार्ता में राजद महासचिव एवं एचईसी नागरिक संघ के अध्यक्ष कैलाश यादव ने मंत्री को कहा की एचईसी के कर्मचारियों/ अधिकारियों का वेतन का मामला अत्यंत गंभीर विषय हैं, लगभग 24 महीनो से नियमित रूप से वेतन नहीं मिला है, यह बिल्कुल श्रम कानून का उल्लंघन है। इस पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि 23 जुलाई को त्रिपक्षीय वार्ता के दौरान तमाम विषयों पर वार्ता होगी। जिसका नेतृत्व स्वयं श्रम एवं उद्योग मंत्री स्वयं भोक्ता करेंगे। वार्ता में उद्योग सचिव,एचईसी के सीएमडी, राजद एवं एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति यूनियन से 10-10 प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। वार्ता में विशेष रूप से राजद के प्रधान महासचिव सह पूर्व विधायक संजय प्र यादव,महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव,मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार,महासचिव आबिद अली, वरिष्ठ नेता राजेश यादव, महासचिव सुनीता चौधरी, महासचिव डॉ. अरुण यादव, शब्बर फातमी,प्रणय कु बबलू के साथ एचईसी बचाओ मजदूर जनसंघर्ष समिति से सीटू नेता भवन सिंह, प्रमोद कुमार, मनोज पाठक, राजेश शर्मा,महेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, संतोष राय, रंथु लोहरा, राजकुमार रजक, सजाद अंसारी, प्रेमप्रकाश नाथ शाहदेव सहित अन्य लोग शामिल थे।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर झारखंड जदयू के नेता पटना में सीएम नीतीश कुमार से मिले



रांची। झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल पटना में बिहार के मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिला। मुलकात के दौरान नीतीश कुमार ने झारखंड में होने वाले चुनाव के संबंध में लंबी बातचीत की। इस क्रम में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय सिंह एवं झारखंड के प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी भी उपस्थित रहे। इस मुलकात का मुख्य उद्देश्य आने वाले झारखंड में विधानसभा चुनाव का रूपरेखा तय करना था। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एनडीए गठबंधन में ही झारखंड में जदयू चुनाव लड़ेगी, साथ ही साथ पूरे झारखंड में जदयू के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर अपनी तैयारी करेंगे ताकि एनडीए के प्रत्याशी का जीत सुनिश्ति कर सके। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद खीरू महतो, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह, प्रदेश महासचिव क्रमशः सरवन कुमार, संतोष कुमार सोनी,दीप नारायण सिंह, धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह प्रदेश युवा अध्यक्ष निर्मल सिंह शामिल थे।

